# सरमथुरा में गंदगी का अंबार राहगीर परेशान, 9 लाख खर्च करने के बाद भी सफाई नहीं

- ग्रामीण बोले- सिर्फ दो ट्रैक्टरों के भरोसे सफाई कार्य
- नगर पालिका द्वारा हर महीने लाखों रुपये खर्च किए जाने के बावजूद कस्बे की सड़कों और गलियों में गंदगी का अंबार लगा हुआ है

**सरमथुरा( निसं )।** नगर पालिका क्षेत्र में सफाई व्यवस्था बदहाल है। नगर पालिका द्वारा हर महीने लाखों रुपये खर्च किए जाने के बावजूद कस्बे की सड़कों और गलियों में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। स्थानीय लोगों और राहगीरों को इस समस्या के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

कस्बे के पटा चौक बाजार में गंदी नालियों का पानी सड़कों पर बहता रहता है, जिससे दुकानदारों और राहगीरों को आवागमन में दिक्कत होती है। दुकानदारों ने बताया कि इस पानी के कारण लोगों के कपड़े खराब होते हैं और वाहन फिसलने से कई बार गंभीर चोटें भी आ जाती हैं। गढ़ाखो गांव में भी गंदगी का आलम है, जिससे लोगों को रास्ते से निकलने में परेशानी हो रही है।

नगर पालिका सफाई व्यवस्था पर प्रतिमाह लगभग 9 लाख रुपये खर्च कर रही है। इसमें सुधार के लिए 50 हजार रुपये का अतिरिक्त भुगतान भी शामिल है। हालांकि, जमीनी स्तर पर सफाई में कोई सुधार नजर नहीं आ रहा है। संवेदक पर आरोप है कि वह केवल चुनिंदा स्थानों पर ही सफाई कर खानापूर्ति कर रहा है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा सफाई व्यवस्था पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ठेकेदार न तो सफाई कर्मियों को पर्याप्त संसाधन उपलब्ध करा रहा है और न ही प्रत्येक वार्ड में पर्याप्त संख्या में सफाई कर्मी तैनात किए गए हैं। बताया गया है कि एक माह से सिर्फ दो ट्रैक्टरों के भरोसे सफाई कार्य कराया जा रहा है, जबकि आवश्यकता कुल चार ट्रैक्टर-ट्रॉली की है।

कस्बे की अधिकांश नालियों का पानी मुख्य रास्तों और बाजारों में बहता देखा जा सकता है। बाड़ी बस स्टैंड, मोथियापुरा मोड़, बिजली घर के पास, बड़ चौराहा और पटा चौक सहित विभिन्न स्थानों पर हमेशा गंदा पानी सड़कों पर फैला रहता है। इसके अलावा, ठेकेदार द्वारा आसपास के गांवों में भी कोई सफाई कार्य नहीं कराया जा रहा है।

## जरूरतमंद विद्यार्थियों को ऊनी वस्त्र बाँटे

**हिंडौन सिटी( निसं )।** भारत विकास परिषद, शाखा हिंडौन सिटी द्वारा संचालित "अर्पण सेवा अभियान" के अंतर्गत आज रेलवे स्टेशन के समीप स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय, बजरिया में निर्धन एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों हेतु ऊनी वस्त्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम दोपहर 3:00 बजे से प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के दौरान कुल 28 छात्र-छात्राओं को गर्म ऊनी वस्त्र वितरित किए गए। विद्यार्थियों के चेहरों पर दिखाई दी खुशी, संतोष और उत्साह ने इस सेवा कार्य को सार्थक एवं प्रेरणादायी बना दिया। भारत विकास परिषद का मुख्य उद्देश्य समाज के प्रबुद्ध, संभ्रांत एवं बुद्धिजीवी वर्ग को जोड़कर उन्हें गरीब, असहाय, निरक्षर, दिव्यांग एवं जरूरतमंद वर्ग की सेवा हेतु प्रेरित करना है।

## टीबी-सिलिकॉसिस जांच शिविर कार्यक्रम घोषित

**करौली( निसं )।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत् टी बी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान की करौली जिले में सफल क्रियान्विती के लिये संभावित टी.बी. रोगियों अल्ट्रा पोर्टेबल एक्स-रे मशीन से ऑन द स्पॉट एक्स-रे किए जाएंगे।

सीएमएचओ डॉ जयंती लाल मीणा ने बताया कि अल्ट्रा पोर्टेबल एक्स-रे मशीन से ऑन द स्पॉट पुराने टी.बी. रोगी, वर्तमान टी.बी. रोगी के सम्पर्क, 60 वर्ष या उससे अधिक उम्र के लोग, धूम्रपान, शराब का सेवन करने वाले लोग, मधुमेह/कैंसर संक्रमित रोगी, कुपोषित बच्चे, खान श्रमिक, ईंट भटटा में काम करने वाले व्यक्ति के चैस्ट एक्सरे किये जायेंगें। जिसके लिये सभी चिकित्सा संस्थानों पर निक्षय शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि चैस्ट एक्सरे एबनोर्मल होने की स्थिति में संभावित टी.बी. रोगी के स्पूटम सैम्पल आन स्पॉट शिविर स्थल पर ही एकत्रित करके नॉट साईट पर भेजे जायेंगें ,जिससे नॉट टैस्ट के बाद टी.बी. का ईलाज जल्द शुरू करके टी.बी. मुक्त की दिशा में प्रगति लायी जावेंगी। उन्होंने बताया कि इन शिविरों में संभावित सिलिकोसिस रोगियों की भी स्क्रीनिंग की जावेंगी। उन्होंने बताया कि माह दिसम्बर के द्वितीय सप्ताह में 9 तारीख को प्राथ. स्वा. केन्द्र झारेडा, 10 तारीख को प्राथ. स्वा. केन्द्र फतेहपुर और 13 तारीख को प्राथ. स्वा. केन्द्र रोधई में निक्षय षिविर आयोजित किये जावेंगें।

## जिला अभिभावक समिति संघ के अध्यक्ष पद के लिए टक्कर

**करौली( निसं )।** जिला अभिभावक समिति संघ के अध्यक्ष पद का चुनाव 12 दिसंबर 2025 को होगा जी चुनाव में दो अभिभावको की आमने-सामने की टक्कर होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नागेंद्र व्यास एडवोकेट ने बताया कि 2025 26 का जिला अभिभावक समिति संघ के अध्यक्ष पद का का चुनाव होना है जिसके लिए दो अभिभावक जयेंद्र सिंह एडवोकेट और धीरेंद्र बैंसला एडवोकेट चुनाव मैदान में है जिन दोनों के बीच आमने-सामने की टक्कर होगी उन्होंने बताया कि 12 दिसंबर 2025 को 12 पीएम से मतदान प्रक्रिया शुरू होगी और 4:00 पीएम तक मतदान होगा।

**आम सूचना**

अनिल कुमार सोनी पुत्र ईश्वर लाल सोनी निवासी सीताबाड़ी जैन धर्मशाला के पास करौली राजस्थान का 13 जुलाई 2025 को स्वर्गवास हो गया है जिसके नाम एक कार नंबर RJ34CA6813 और एक मोटरसाइकिल नंबर RJ34SV5687 एवं एक स्कूटी नंबर RJ34SV8415 परिवहन विभाग में रजिस्टर्ड है मृतक अनिल कुमार सोनी के नाम रजिस्टर्ड उक्त वाहनों की बारिश एकमात्र उनकी पत्नी मंजू सोनी है उक्त वाहनों को पत्नी के नाम रजिस्टर्ड किया जा रहा है यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह सात दिवस के अंदर जिला परिवहन कार्यालय में आपत्ति दर्ज करा सकता है उसके बाद आपत्ति स्वीकार नहीं मानी जावेगी

## समृद्ध भारत अभियान ने जिला जज का किया अभिनंदन

- सेवक के रूप में अपने दायित्वों का किया निर्वहनः डीजे कौशिक

**भरतपुर ( निस )।** समृद्ध भारत अभियान द्वारा स्थानात्तराधीन जिला एंव सत्र न्यायाधीश केशव कौशिक का भव्य अभिनंदन कर सम्मान किया। सम्मान समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता देवेन्द्र नाथ गुप्ता ने की तथा विशिष्ठ अतिथि के रूप में न्यायाधीश सलीम बदर उपस्थित थे। कार्यक्रम में अधिवक्तागण, एवं न्यायिक अधिकारी सहित शहर के गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे। जिला एवं सत्र न्यायाधीश केशव कौशिक को जिला प्रशासन की ओर से अतिरिक्त कलेक्टर शहर राहुल सैनी, न्यायिक अधिकारियों की ओर से सीजेएम चेतन गोयल, बार एसोसियन के पूर्व अध्यक्ष माधोसिंह मदेरणा, रेड्क्रोस सोसाइटी के कृष्ण कांत गर्ग, इंजीनियर्स फॉर्म सहित अनेक संस्थाओं ने माल्यार्पण, स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। जबकि समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने साफा व मालार्पण, पटका उढ़ाकर व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया।

प्रारंभ में समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने कहा कि डीजे केशव कौशिक ने कार्यकाल के दौरान अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए त्वरित एंव सुलभ न्याय दिलाने का भरसक प्रयास किया तथा कानून एंव संविधान के दायरे में रहकर अपनी प्रतिभा की अमिट छाप छोड़ी है। अतिरिक्त कलेक्टर शहर राहुल सैनी ने कहा जो अधिकारी गरीब व पीडित व्यक्ति को सुलभ न्याय दिलाकर अमिट छाप छोडता है, उसे हमेशा याद किया जाता है। ऐसी ही प्रतिभा केशव कौशिक में थी। बार एसोसियन के पूर्व अध्यक्ष माधो सिंहं मदेरणा ने कहा कि उन्होने बार व बैच के मध्य मधुर सम्बन्ध बनाये रखे जिससे पीडितों को समय पर न्याय मिल सका। वरिष्ठ अधिवक्ता धर्मगोपाल चतुर्वेदी ने कहा कि डीजे कौशिक जहाँ भी रहेंगे वहीं अपनी बहुमुखी प्रतिभा की छाप न्यायालयों में छोडगे और अपनी कार्य कुशलता का परिचय देंगे। वरिष्ठ अधिवक्ता गंगा सिंह धनकर ने कहा कि जब कोई अधिकारी अपनी जिम्मेदारी, निष्पक्षता एवं दया भाव से निभाता है तो उसकी कार्य कुशलता में वृद्धि हो जाती है। जिससे फरियादियों को शीघ्र न्याय मिल जाता है। जिला एंव सत्र न्यायाधीश केशव कौशिक ने कहा कि उन्होने सेवा के दौरान अपने दायित्वों का निर्वहन कानून एवं संविधान मे प्रदत आधिकारों के तहत् किया। उन्होंने कहा कि उन्हें बार का पूरा सहयोग मिला जिसके परिणाम स्वरुप शीघ्र व त्वरित न्याय दिलाने में सहायता मिल सकी। उन्होंने कहा कि उनका यह प्रयास रहा कि पीडित व्यक्ति को त्वरित, सस्ता व सुलभ न्याय मिल सके।

# आदेशों की अनुपालना नहीं होने पर की जाएगी सख्त कार्यवाही: जिला कलेक्टर

- राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर 11 से 25 दिसम्बर तक सडक सुरक्षा अभियान किया जाएगा संचालित, अधिकारी, कर्मचारी भी हेलमेट लगाकर ही आये कार्यालय

**करौली( निसं )।** जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सड़क सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन को प्रभावी बनाने के लिए विशेष दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जिला कलेक्टर ने बताया कि राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 15 दिवसीय सडक सुरक्षा अभियान 11 दिसम्बर से 25 दिसम्बर तक चलाया जाएगा। उन्होंने डीएसओ को निर्देशित किया कि वे पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देशित करें कि बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल नहीं दिया जाए। जिला कलक्टर के निर्देशों की अनुपालना में जिला रसद अधिकारी ने समस्त पेट्रोल पंप चालको को उक्त निर्देश प्रदान कर बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चालको को पेट्रोल नही देने के लिए पाबंद किया। बैठक में जिला कलक्टर ने समस्त विभागाध्यक्षों को निर्देशित करते हुए कहा कि उनके अधीनस्थ कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारी हेलमेट लगाकर ही कार्यालय आये। निर्देशों की अवहेलना करने वाले कार्मिकों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुमनाराम को निर्देशित किया। उन्होंने इस संबंध में परिवहन एवं सडक सुरक्षा विभाग, पुलिस विभाग, सानिवि, श्रम विभाग, शिक्षा विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, नगरीय विकास एवं स्थानीय निकाय विभाग को आपसी समन्वय के साथ कार्य कर अभियान को जिले में सफल बनाने के लिए आदेशित किया। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आदेश दिये है कि चल रहे अभियान के दौरान ठाामीण व शहरी क्षेत्र मेंयातायात नियमों के बारे में आमजन को जागरूक किया जाए। जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि ओवरलोडिंग, बिना नंबर प्लेट या बड़े स्टिकर लगे वाहनों, तेज या नशे में ड्राइविंग, बिना हेलमेट या सीट बेल्ट लगाये जैसी गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बाल वाहिनी संचालन के लिए निर्धारित एसओपी का पालन करते हुए सभी चालकों एवं परिचालकों का स्वास्थ्य और आंखो की दृष्टि सहित सभी आवश्यक सत्यापन अनिवार्य है।

## रात्रि चौपाल एवं जनसुनवाई 9 दिसम्बर को

**करौली, ( निसं )।** जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने बताया कि 9 दिसम्बर मंगलवार को सांय 6 बजे टोडाभीम पंचायत समिति की ग्राम पंचायत नांगल मांडल में, रात्रि चौपाल आयोजित कर जन समस्याऐं सुनी जायेंगी।

**Government of Rajasthan**
**Principal, Devnarayan Govt. Boys Residential School, Peeparra, Bayana, Bharatpur**
email id SantoshKPjain@gmail.com mob. No. 8005736657

क्रमांकः-देवराबाआवि / लेखा / 2025-26 / दिनांकः-

**NIT - 02/2025-26 ( NIB :-SOC2526A0235)**

Bids for Job basis Work (Rs. 13 Lac) are invited from interested bidders upto date 20-09-2025 Time 06:00 PM. Other Particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state and Social Justice and Empowerment Departmental website.

UBN No. :- SOC2526SLOB00260

Principal
D.G.B.R.School
Peeparra, Bayana, Bharatpur

## बाल-विवाह मुक्त भारत अभियान पोस्टर का हुआ विमोचन

**भरतपुर ( निस )।** जिला कलक्टर कमर चौधरी द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत 100 दिवसीय अभियान के तहत 27 नवम्बर 2025 से 8 मार्च 2026 तक सामुदायिक स्तर पर सहभागिता निर्धारित किये जाने हेतु पोस्टर का विमोचन सोमवार को समस्त जिलाधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। उन्होंने बताया कि आमजन भी बाल विवाह रोकथाम अभियान में सहभागिता निभायें एवं बाल-विवाह रोकथाम के लिए बाल-विवाह की सूचना चाईल्ड हैल्पलाईन नम्बर 1098 पर सूचित कर सकते हैं। जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक ने बताया कि 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान तीन चरणों में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में 27 नवम्बर से 31 दिसम्बर 2025 तक विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों के माध्यम से जागरूकता पैदा करने के लिए गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। द्वितीय चरण में 1 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक मंदिर, मस्जिद, चर्च, गुरुद्वारे के धार्मिक नेताओं की बाल विवाह न कराये जाने हेतु शपथ कार्यक्रम, विवाह भवन, बैंड पार्टियों,डीजे कैटरर्स और टेंट हाउस के सेवा प्रदाताओं से बाल विवाह के विरुद्ध सूचना और संचार सामग्री प्रदर्शित करने और सीएमपीओ के द्वारा विवाह के अवसरों पर स्थानीय पुलिस और सामुदायिक स्वंयसेवकों के साथ समन्वय में सतर्कता सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि अभियान की श्रृंखला में अन्तिम तृतीय चरण में 1 फरवरी से 8 मार्च 2026 तक सामुदायिक स्तर पर सहभागिता और स्वामित्व मजबूत करने के लिए ग्राम सभा की बैठकों और नगरपालिका वार्ड सभाओं में बाल विवाह को एक विशिष्ट एजेंडा के रूप में शामिल किया जाना, बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता पैदा करने के लिए बैठक आयोजित करना, सूचना एवं संचार सामग्री, दीवार पेंटिंग और पोस्टर प्रमुखता से प्रदर्शित करना एवं सतर्कता के लिए सीएमपीओ और समुदाय के सदस्यों के बीच नियमित संचार बनाये रखा जाना है।

**कार्यालय श्री कैलादेवी मन्दिर ट्रस्ट, कैलादेवी जिला करौली ( राज. )**
क्रमांकः-3728 ISO 9001: 2015 दिनांकः 8.12.2025
GSTIN:-08AAATK3696E1ZH

**निविदा सूचना**

श्री कैलादेवी मंदिर ट्रस्ट द्वारा सफाई कार्य हेतु पंजीकृत संवेदको से प्रति घंटा प्रति श्रमिक की दर से दिनांक 22.12.2025 को सायं 05:00 बजे तक निविदाऐं आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 23.12.2025 को प्रातः 11:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष समिति द्वारा खोली जावेगी। अमानत राशि 50,000/- का ड्राफ्ट " श्री कैलादेवी टेम्पल ट्रस्ट" के नाम निविदा फार्म के साथ संलग्न करना होगा। अन्य शर्तें वेवसाईट www.kailadevitemple.com पर उपलब्ध है। निविदा फार्म शुल्क 1000+18 प्रतिशत जी.एस.टी. जमा कर कार्यालय से या वेबसाईट से प्राप्त कर सकते है।

चन्द्रकान्त गणेश कुडतरकर
प्रबन्धक ( प्रशासन )
श्री कैलादेवी मन्दिर ट्रस्ट

